# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स का वार्षिक उत्सव कल

**तेंदूखेड़ा।** प्रोगेशिव पेन्शनर्स एसोशिएसन तेंदूखेड़ा द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष 17 दिसम्बर 2025 को तहसील स्तरीय वार्षिक उत्सव का आयोजन तेंदूखेड़ा एवं उप शाखा तेंजगढ का एक साथ नगर के डाक्टर खरे की अस्पताल परिसार में दोहपर एक बजे से मनाया जाएगा। जिस संबंध में एसोशिएसन के अध्यक्ष डाक्टर ओपी अवस्थी ने तहसील के सभी पेन्शनर्स बन्धुओ से अपील की है कि वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में मौजूद हो।

### कॉलेज चलो अभियान का शुभारंभ

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय तेन्दूखेड़ा के प्राध्यापकों द्वारा कॉलेज चलों अभियान का सुभारंभ किया गया जिसमें सर्वप्रथम शासकीय सांदीपनि मॉडल उच्चतर मध्यमिक विद्यालय तेन्दूखेड़ा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यामिक विद्यालय तेन्दूखेड़ा एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर मध्यमिक विद्यालय तेन्दूखेड़ा जिला-दमोह में उपस्थित होकर 12 कक्षा के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में बी.ए./बी.कॉम बी.एस.सी. संचालित पाठ्यक्रमों, विज्ञान प्रयोगशालाओं, ई-लायब्रेरी, खेल-कूद एवं शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम कॉलेज चलो अभियान को संम्पादित करने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य के निर्देशन में डॉ.एन.के. निकोसे एवं डॉ. बालकृष्ण कुशवाहा की महत्पूर्ण भूमिका रही।

### पन्ना की बेटी रीसना पारधी को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**पन्ना।** टाइगर वाइल्ड लाइफ अवाड्-2025 में पन्ना टाइगर रिजर्व की नेचर गाइड रीसना पारधी को षिबिली सिंह मेमोरियल अवार्ड वाइल्ड लाइफ गाइड ऑफ द ईयर 2025 (सेंट्रल जोन) से नवाजा गया। यह समारोह दिल्ली में आयोजित हुआ। वन्यजीव संरक्षण में उनके उत्कृश्ट योगदान के लिए पन्ना, पेंच, बांधवगढ़, ताडोबा अंधारी, रातापानी व माधव रिजर्व के गाइडों में से रीसना चुनी गईं। पारधी समाज की इस युवती को लास्ट वाइल्डरनेस फाउंडेशन ने प्रषिक्षण देकर नेचर गाइड बनाया।

### कलेक्टर ने की धान उपार्जन कार्य की समीक्षा

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में धान उपार्जन कार्य के प्रगति की समीक्षा की तथा केन्द्रवार संपादित कार्यों के संबंध में जानकारी प्रदान कर आवश्यक निर्देश दिए। वर्तमान में जिले के विभिन्न 51 उपार्जन केन्द्रों पर किसानों से एफएक्यू गुणवत्ता की धान खरीदी का कार्य जारी है। पंजीकृत कृषकों से आगामी 20 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य निरंतर संचालित रहेगा। धान खरीदी के लिए चार नवीन केन्द्र बनाए जाना भी प्रस्तावित है। जिला कलेक्टर ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि केन्द्रों पर निरंतर रूप से किसानों की सुविधाओं के लिए सभी जरूरी प्रबंध हों। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर ग्रेडर मशीन से धान की सफाई के लिए 40 रूपए की राशि निर्धारित की गई है।

# खुशनुमा प्रकृतिः कोहरे की चादर में लिपटी उपकाशी, हटा में सूर्य का अद्भुत नजारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

सर्दियों की आहट के साथ ही प्रदेश के बुंदेलखंड की उपकाशी सोमवार को कोहरे की चादर में लिपटी किसी चित्रकार की कैनवास जैसा नजारा जीवंत हो उठा है। उपकाशी में सुनार नदी के तट पर कुदरत का एक ऐसा ही जादुई रूप देखने को मिला, जिसने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### कोहरे की जुगलबंदी

तस्वीर में आप देख सकते हैं कि कैसे घने कोहरे (धुंध) ने पूरे परिदृश्य को अपनी आगोश में ले लिया है। धुंध की इस मोटी चादर को चीरते हुए जब सूर्य देव ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, तो आसमान एक हल्का नारंगी और गुलाबी रंग में रंग गया। उगते हुए सूरज की यह 'लाल टिकिया' ठंडक के बीच एक नई उम्मीद और गर्माहट का एहसास करा रही है।

### सुकून का प्रतीक

तस्वीर में ऊंचे पेड़ों की कतारें धुंध में किसी प्रहरी की तरह खड़ी नजर आ रही हैं। इस दौरान नदी की कल कल ध्वनी के बीच एक व्यक्ति का अकेले खड़े होकर सूर्य को निहारना यह बताता है कि भागदौड़ भरी जिंदगी में सुकून के दो पल कितने

# बंदरों का आतंकः स्कूल जा रहे बाइक सवार शिक्षकों पर बंदरों के झुंड का हमला, सिर में गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले झलोन गांव में सोमवार की दोपहर स्कूल जा रहे हैं बाइक सवार दो शिक्षकों पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। जिसमें दो शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए उनके सिर में गंभीर चोट आई है। कुछ देर बाद दूसरे शिक्षक वहां से निकल रहे थे उन्होंने दोनों घायल शिक्षकों को इलाज के लिए तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां शिक्षकों का इलाज जारी है। एक शिक्षक के सिर में गंभीर चोट आई है। आपको बता दे तेंदूखेड़ा में बंदरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है यह बंदर अब रहवासी इलाकों में झुंड के रूप में पहुंच गए हैं और आए दिन लोगों पर हमला कर रहे हैं। तेंदूखेड़ा नगर के अलावा झलोन ओर दमोह मार्ग पर यह बंदर झुंड के रूप में बैठे रहते हैं और वाहन चालकों पर दौड़ जाते हैं। नौबत यह हैं कि नगर के लोग घरों से बाहर नहीं बैठ पा रहे और राहगीर मार्गो पर नहीं चल पा रहे।





### स्कूल जाते समय हमला

घटना में एक शिक्षक और एक शिक्षिका घायल हो गये हैं ये दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर टिपनी प्राथमिक स्कूल जा रहे थे। शिक्षिका जिज्ञासा ठाकुर ने बताया वह अपने साथी शिक्षक दुर्गेश ठाकुर के साथ स्कूल जा रही थी। बगदरी गांव के पहले झुंड में बैठे बंदरों अचानक बाइक पर हमला कर दिया। जिससे हम लोग बाइक से नीचे गिर गये। घटना में शिक्षक दुर्गेश ठाकुर को ज्यादा चोट आई है। घटना के बाद जनशिक्षक धर्मेंद्र लोधी और राजकुमार शर्मा मौके पर रुके घायलों को तेंदूखेड़ा सामुदायक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये। राजकुमार शर्मा, द्विवेदी ने बताया दोनों घायल शासकीय शिक्षक है अपने स्कूल जा रहे थे। बीच में बंदरों ने उनपर हमला कर दिया और दोनों घायल हो गये। शिक्षकों ने बताया बगदरी मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में बंदर बैठे रहते हैं जिससे राहगीरों में डर रहता है। हादसों का भय बना रहता है। सोमवार को उन्हीं बंदरों ने हमला कर शिक्षकों को घायल कर दिया ।

### नगर में भी आतंक

तेंदूखेड़ा में दमोह मार्ग पर पाजी के समीप तेंदूखेड़ा से झलोन मार्ग पर नागाबाबा के समीप सैकड़ों बंदर बैठे रहते हैं। इसी तरह अब तेंदूखेड़ा नगर में भी काले मुंह और लाल मुंह के बंदरों ने आतंक मचा रखा है। ये बंदर न तो लोगों को घरों में सुरक्षित रहने दे रहे हैं न मुख्य मार्ग पर दरवाजे खुले देख यह घरों घुस जाते हैं। रविवार को बंदर अपने बच्चे सहित रत्नेश जैन के घर घुस गया। घर महिला और उनके दो बच्चे मौजूद थे लगभग आधे घंटे बाद बंदर खुल निकल आया उसके बाद घर के लोगों ने राहत की सांस ली।

# जगथर में हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम



**नरसिंहगढ।** हाईडलवर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड नरसिहगढ़ के सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) अन्तर्गत संचालित बाएफ एकीकृत पशु उत्थान कार्यक्रम के तहत -ग्राम जगथर में एक दिवसीय एकीकृत पशु उत्थान कार्यक्रम एवं अन्नत कृषि तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया जिसमें सभी पशुपालक एवं किसान बन्धुओ ने भाग लिया जिसमे पशुओं में होने वाली बिमारी एवं उनके लक्षण और उपचार के बारे में विस्तार से एवं सभी प्रकार के योजनओं के बारे में बाएफ संस्था के परयोजना अधिकारी गौतम प्रसाद यादव बताया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच कुंदन अहिरवार सभी पशुपालक, किसान एवं मायसेम कम्पनी से अरविंद श्रीवास्तव,आलोक तिवारी, निशांत चौरसिया एचआर डिपार्मेंट से उपस्थित रहे।

# सांसद खेल महोत्सव में माही वाजपेई ने बढ़ाया जबेरा का मान

**जबेरा।** जबेरा विगत दिवस दमोह में संसदीय क्षेत्र खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें एक बार फिर शासकीय सांदीपनि विद्यालय जबेरा की छात्रा ने हमेशा की भांति विद्यालय के साथ-साथ अपने ग्राम अपने माता-पिता एवं अपने गुरुजनों का नाम रोशन किया है। सांसद खेल महोत्सव वूमेन ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में जबेरा से वाजपेई परिवार की बेटी माही वाजपेई ने




उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करके समस्त क्षेत्र वासियों को गौर्बान्वित किया है माही की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत ,अनुशासन और खेल की प्रति उनके समर्पण का परिणाम है। ज्ञात होकि सांदीपनि विद्यालय के शिक्षकों की अथक मेहनत व प्रयास के कारण संदीपनी विद्यालय जबेरा हमेशा से ही प्रदेश एवं जिले में अनेकों बार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुका है। छात्रा माही बाजपेई ने एक बार पुनः जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय के साथ साथ अपने पिता श्री संजय बाजपेई (प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय जबेरा एवं) माता श्रीमती मनीषा बाजपेई के साथ पूरे बाजपेई परिवार का नाम रोशन किया है। माही की इस सफलता पर पूरे क्षेत्र वासियों क्षेत्रीय विधायक व मंत्री महोदय के साथ-साथ उनके अनुज एवं क्षेत्र वासियों के द्वारा बधाइयां देते हुए कामना की जा रही है की आप इसी तरह पूरे जबेरा क्षेत्र एवं परिवार को गौर्बान्वित करते हुए सफलता के शिखर तक पहुंचे बेटा जी।

# विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्र छात्रा ने दिखाई अपनी कला






**दमोह।** जिला सत्र एवं न्यायधीश महोदय के निवास की दीवार पर सी एम राइज विद्यालय व सरस्वती शिशु विद्यालय के छात्र छात्राओं ने पेंटिंग कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। यह विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता सिद्धार्थ मलैया के मर्गदर्शन में आयोजित की गई है जिसमें अपने शहर को सुंदर बनाना व दमोह नगर को यह संदेश देना है कि हम अपने शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने में इस तरह के सामाजिक कार्य कर सकते है।

# 100 छात्र-छात्रओ को गर्म स्वेटर वितरित



**तेंदूखेड़ा।** ग्राम सारसबगली में प्राथमिक शाला के बच्चो को कक्षा एक से कक्षा पॉचवी के बच्चो को कडाके की ठंड में गर्म उनी बनयान वितरण की गई। ज्ञात हो कि एकादशी के उपलक्ष्य मे सारसबगली के पंडित दिनेश कुमार दुबे की माता जी श्रीमति सुशीला देवी की तरफ से प्राथमिक शाला सारसबगली के लगभग 100बच्चो को गर्म कपडे स्वेटर बांटे गये। बच्चो को ठंड में गर्म स्वेटर मिलने के कारण उनके चहरो पर खुशी दिखाई दी। साथ ही कुछ बच्चो ने धन्यवाद दिया। इस दौरान बच्चो के साथ स्कूल का स्टाप मौजूद रहा।

# किसानों को मिली राई व सरसों की उन्नत खेती की जानकारी

**पन्ना। कृषि विज्ञान केंद्र पन्ना में कृषि चौपाल कार्यक्रम के 12वें संस्करण का प्रसारण डीडी किसान चौनल के माध्यम से किसानों को दिखाया गया। इस चौपाल का प्रमुख विषय राई एवं सरसों की उन्नत खेती पर केंद्रित रहा।**

कृषि चौपाल के माध्यम से भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर, राजस्थान के वैज्ञानिकों ने तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया और किसानों को महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे खेत की तैयारी, उन्नत किस्मों का चयन, बीज दर, बीज एवं मृदा उपचार, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन, पौध संरक्षण, फसल कटाई एवं सही भंडारण तकनीक आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई।

किसानों को खेती की लागत कम करने और उपज बढ़ाने के लिए ब्रॉडकास्टिंग विधि (छिड़काव) के स्थान पर कतार में बुवाई करने की विशेष सलाह भी दी गई। कार्यक्रम में प्राकृतिक विधि से सरसों की खेती करने के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.एन. त्रिपाठी एवं वैज्ञानिक डॉ. रितेश जायसवाल, डॉ. रणविजय प्रताप सिंह व रितेश बगोरा उपस्थित रहे। केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि देश को खाद्य तेल में आत्मनिर्भर होने के लिए तिलहन फसल के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाना अति आवश्यक है, जिसके लिए कृषकों को वैज्ञानिक विधि से सरसों एवं राई की खेती करना होगा। इस अवसर पर उपस्थित रावे छात्रों को निर्देशित किया गया कि वे अपने आवंटित ग्रामों में जाकर किसानों के साथ इस उन्नत कृषि जानकारी को साझा करें ताकि अधिक से अधिक किसान तिलहन फसलों के उत्पादन में वृद्धि कर सकें।

# शौचालयों की नियमित सफाई हेतु ग्रामीण क्षेत्र में जपं की वॉश ऑन व्हील सेवा शुरू

### स्वच्छता साथी को किट प्रदान कर सेवा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में खुले में शौच मुक्त की गुणवत्ता एवं निरंतरता को बनाये रखने के लिए घरेलू, संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई हेतु वॉश ऑन व्हील सेवा को प्रारम्भ किया गया है, जिसका शुभारंभ जनपद पंचायत हटा में सीईओ के निर्देशानुसार सोमवार को पंचायत निरीक्षक राजेश पाराशर ब्लॉक स्वच्छता समन्वयक अंकित मिश्रा अमित सोंधिया , पत्रकार घनश्याम प्रजापति एवं सचिव एवं सरपंचों की उपस्थिति में रनेह के स्वच्छता साथी राजू को स्वच्छता किट प्रदान कर किया गया। स्वच्छता समन्वयक अंकित मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि हटा जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में यह सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी, वॉश ऑन व्हील सेवा अंतर्गत स्वच्छ एम पी पोर्टल पर स्नेह ग्राम के राजू स्वच्छता साथी (सफाई कर्मी) का चयन एवं पंजीयन किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन के एनआईसी विभाग द्वारा वॉश ऑन व्हील डब्ल्यूएचओ ऐप बनाया गया है। जिसमें दो प्रकार के यूजर होंगे, जिसमें एक यूजर सिटीजन होगा और दूसरा यूजर स्वच्छता साथी होगा। सिटीजन लॉगिन के माध्यम से कोई भी व्यक्ति या संस्था प्रमुख शौचालय की सफाई हेतु अनुरोध दर्ज करा सकते हैं, जिससे दूसरा यूजर (स्वच्छता साथी) अनुरोध स्वीकार कर घरेलू शौचालय, संस्थागत शौचालय व सामुदायिक शौचालय की सफाई सम्बन्धी सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। उक्त सेवाओं के लिए शासन के निर्देशानुसार घरेलू शौचालय के लिए 50 रुपये, संस्थागत/ सामुदायिक शौचालय के लिए 250 रुपये सेवा शुल्क निर्धारित किया गया है, उक्त ऐप में समय संबंधी स्लॉट निर्धारित किये गए हैं, समय संबंधी स्लॉट की उपलब्धता के आधार पर स्वच्छता साथी द्वारा सेवायें प्रदान की जायेंगी। कार्य प्रारम्भ करने से पहले सिटीजन यूजर के पास प्राप्त ओटीपी बताना होगा तथा कार्य पूर्ण होने तथा ग्राहक की संतुष्टि के आधार पर पुनः ओटीपी दर्ज करना होगा। उपलब्ध कराई गई सेवाओं का निर्धारित शुल्क यूपीआई, ऑनलाइन व नगद भुगतान द्वारा संबंधित स्वच्छता साथी को सेवा शुल्क प्रदाय किया जाएगा। इस दौरान पंचायत में शिक्षक राजेश पाराशर द्वारा कार्य में संलग्न स्वच्छता साथी राजू से वॉश ऑन व्हील सेवा के बारे में चर्चा कर उसके महत्त्व के बारे में बताया तथा स्वच्छता साथी को शुभकामनायें दे कर प्रोत्साहित किया। इस कार्य से स्वच्छता साथी को प्रतिमाह न्यूनतम 15000 से 20000 तक आय प्राप्त होने की संभावना है, वर्तमान में वॉश ऑन व्हील सेवा को क्लस्टर- रनेह से जुडी कुल ग्राम पंचायतों में प्रारम्भ किया गया है, आगे आने वाले समय में जनपद पंचायत की समस्त ग्राम पंचायतों में यह सेवा उपलब्ध कराई जाना प्रस्तावित है।



# बाढ़ प्रभावित झमरा में हितग्राहियों के आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष केम्प का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

**तेंदूखेड़ा ब्लाक बाढ़ से प्रभावित ग्राम झमरा में जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण विकास समिति के सहयोग से आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष केम्प का आयोजन किया गया। इस केम्प में कुल 81 ग्रामीणों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 43 लोगों के आधार कार्ड सफलतापूर्वक बनाए गए।**

शेष हितग्राहियों के आधार कार्ड दस्तावेजों में कमी के कारण नहीं बन सके। प्रमुख रूप से माता-पिता के आधार कार्ड से बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र में नाम का मिलान न होना, आवश्यक दस्तावेजों का अधूरा होना जैसी समस्याएं सामने आईं। ऐसे सभी लोगों को दस्तावेज सुधार कराने एवं आवश्यक कागजात पूर्ण कर पुनः आवेदन करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती रचना युवराज यादव ने कहा कि जैसे-जैसे दस्तावेज पूरे होंगे, ग्रामीणों को शीघ्र ही आधार कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़कर लाभ प्राप्त कर सकेंगे और अभी जो हमारे ग्राम पंचायत में पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं बन पाए हैं हम शासन प्रशासन से आग्रह करते हैं कि आगे इसी प्रकार के आयोजन कर लोगों को दस्तावेज बनाने में मदद की जाए। ग्रामीण विकास समिति द्वारा ग्रामीणों को आधार कार्ड के महत्व तथा दस्तावेजों की सही जानकारी देकर सहयोग प्रदान किया गया। केम्प के सफल आयोजन से ग्रामवासियों में संतोष एवं उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास समिति से दीपिका ठाकुर, रोशनी ठाकुर, गोलू सिंह ठाकुर, धरमदास पाल, रमेश सिंह ठाकुर शिक्षक, मौशम यादव, नोने सिंह, हेमराज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



# साढे चार माह से लगातार बंद पडा गैसाबाद पुल, यात्री होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

दमोह पन्ना की सीमा रेखा को जोड़ने वाला व्यारमा नदी पर बना गैसाबाद का पुल बंद होने के कारण आम अवाम हैरान और परेशान हो चुका है प्राप्त जानकारी अनुसार 29 जुलाई को जिला प्रशासन द्वारा पुल क्षतिग्रस्त होने का हवाला देकर तुरंत पुल पर आवागमन अवरुद्ध करने का निर्देश देते हुए बेरी गेट लगाकर पुल को बंद कर दिया गया था तब से लेकर आज तक पुल पर बडे वाहनों का आना जाना पूर्ण तरह से बंद है हालांकि क्षेत्र वासियों द्वारा शासन प्रशासन से निरंतर की जाती रही मांग को ध्यान में रखते हुए पिछले माह से टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर जीप कार जैसे छोटे वाहनों को पुल पर से निकलने की छूट दी गई है लेकिन बड़े वाहन आज भी प्रतिबंधित है, जिससे यात्रियों को यात्रा करने में भारी असुविधा हो रही है बता दें कि यह दमोह पन्ना राजमार्ग है इस पुल पर से पन्ना से भोपाल, पन्ना से इंदौर, सतना से दमोह, पन्ना से जबलपुर सागर, डेली बसो का आना-जाना होता था जिसमें यात्री अपनी सुविधा अनुसार यात्रा किया करते थे लेकिन पुल बंद होने के कारण दमोह से पन्ना की ओर जाने वाली बसें नकटी कचनारी जैतपुर



सुनवानी से होते हुए 40 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर काटकर पन्ना पहुंच रही है जिससे यात्रियों को किराया भी ज्यादा लग रहा है एवं समय की भी बर्बादी होती है, यात्रियों की परेशानी को हम इस तरह से समझ सकते हैं मान लीजिए किसी यात्री को गैसावाद से सिमरिया जाना है तो गैसाबाद से सिमरिया की दूरी मात्र 8 किलोमीटर है जिसका किराया 10 रू लगता है लेकिन पुल बंद होने के कारण यात्री को सिमरिया जाने के लिए पहले नकटी जाना पड़ेगा फिर वहां से 40 किलोमीटर घूम कर वह सिमरिया पहुंचेगा जिसका किराया उसे ₹40 लगेगा पुल बंद होने से यात्रियों को किराया भी ज्यादा लग रहा है और समय की भी बर्बादी हो रही है, बस चालको को भी परेशानी हो रही है दमोह से पवई जाने वाली कुरेशी बस के कंडेक्टर राकेश दुबे ने हरिभूमि को बताया कि पुल बंद होने के कारण हमारी बस पवई नहीं पहुंच पा रही है गैसाबाद तक ही आती है जिससे सवारियों को बहुत परेशानी होती है और हम लोगों की गाड़ी का खर्च भी नहीं निकल पा रह है, यही हाल अन्य बसों के भी हैं , यहां पर उल्लेखनीय बात यह है कि पुल बंद हुए लगभग पांच माह का समय होने को हैं इन पांच माह के समय में जो नया पुल बना हुआ है उसकी साइड बनाई जा सकती थी क्योंकि नया पुल तो पहले से ही बनकर तैयार है सिर्फ सिमरिया तरफ की साइड बनाकर पुल से जोड़ना बाकि है यदि साइड बनाकर पुल से जोड़ दिया जाता तो नए पुल पर से वाहनों का आवागमन चालू किया जा सकता था लेकिन शासन प्रशासन द्वारा ऐसा नहीं किया गया, स्थानीय लोगों का कहना तो यह तक है कि जो पुराना पुल है वह इतना अधिक क्षतिग्रस्त नहीं है कि उस पर से वाहन ना निकाले जा सके, खैर यह शासन और प्रशासन का मामला है उन्हें कब क्या करना है यह उनका अपना अधिकार है लेकिन पुल बंद होने से आम पब्लिक परेशानियों से जरूर जूझ रही है जिसका अंदाजा शायद वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं है, क्षेत्र वासियों ने एक बार फिर शासन और प्रशासन से यात्रियों की सुविधा के लिए आवागमन को सुचारू रूप से चालू किए जाने की मांग की है।



दमोह। यह बनना है साइड नय पुल की

## आज होगी संवीक्षा,18 तक नामांकन वापसी

# जिपं सदस्य कुम्हारी के लिए 16 अभ्यर्थियों ने भरे नामांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिपं सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी के रिक्त पद की पूर्ति के लिये जबरदस्त माहौल क्षेत्र में बना हुआ है। राज्य निर्वाचन आयोग ने नामांकन प्रक्रिया पूर्ण की जिसमें अंतिम दिन तक कुल 16 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा आज होगी एवं 18 तक नामांकन वापिस लिये जायेंगे। इसके बाद प्रत्याशियों को चिन्हो का वितरण होगा। उल्लेखनी है कि जिपं सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी से जिपं सदस्य रहे चंदन सिंह लोधी के आकस्मिक निधन के पश्चात रिक्त पद के लिये यह उपनिर्वाचन हो रहे है। नाम निर्देशन पत्र भरने वालों ने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिन किये है। अभ्यर्थियों व उनके समर्थकों में उत्साह पूर्ण माहौल देखने मिला।

### इन्होने भरा नामांकन

जिपं सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी के रिक्त पद लिए कुल 16 फार्म भर गए हैं इनमें जिसमें भरतलाल कुर्मी /गोरीशंकर, कृष्ण प्रताप सिंह/चन्द्रभान सिंह, साहिल सिंह/केशरी सिंह, उमा यादव/मदन मुरारी यादव, देवकी नंदन लोधी/भगत सिंह लोधी, बेनीसिह लोधी/लक्ष्मन सिंह लोधी, सत्यम सिंह/विशाल सिंग, लालसींग यादव/पंची यादव, बसोरी/अठ्या, वर्षा गुप्ता/रोहित गुप्ता, कृष्ण कुमार पटेल /धनीराम पटेल, मान सिंह/प्रताप सिंह, हरिशचंद्र/जगदीश प्रसाद, टीकाराम /बालमुकुन्द, विजय/नारायण, रामपाल पटेल /मकुन्दी लाल पटेल ने नामांकन दाखिल किये है। इनमें कई राजनैतिक नेताओं के पुत्र व भतीजे, विधायक प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच, वर्तमान सरपंच, वर्तमान जनपद सदस्य भी शामिल है। यदि अभ्यर्थी चुनावी मैदान में रहते है तो चुनाव काफी दिलचस्प होगा।

## देवी प्रसाद शर्मा बने पेंशनर्स समाज के तहसील अध्यक्ष

**जबेरा।** पेंशनर्स समाज के प्रांतीय अध्यक्ष डीपी दुबे की अनुशंसा पर एवं जिला अध्यक्ष आर के मिश्रा की सहमति पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष एम एल सरैया द्वारा सेवा निर्मित प्रधान अध्यापक देवी प्रसाद शर्मा को तहसील शाखा जबेरा का पेंशनर्स समाज का तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। सेवानिवृत प्रधानाध्यापक देवी प्रसाद शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वाहन करते हुए संघ के हित में सक्रियता से कार्य कर संगठन की आवाज बुलंद की जाएगी। सेवा निवृत प्रधानाध्यापक देवी प्रसाद शर्मा के तहसील अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, प्राचार्य जवाहर प्रधान, बद्री खरे, टीएस चौहान, केशव प्रसाद मिश्रा, बीबी बाजपेई, हर्षवर्धन सिंह राजपूत, आरके मिश्रा, अभय भट्ट, पारस जैन दमोह, प्रवेंद्र जैन, महेंद्र खरे, उमेश अवस्थी, सभी सेवा निर्मित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



## 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय तहसील प्रांगण नोहटा में आगामी 6 से 9 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन महंत श्री भास्करानंद जी की विशिष्ठ उपस्थिति में संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम का संचालन और पूजन का कर्मकांड पंडित दिनेश दुबे द्वारा कराया गया। वरिष्ठ गायत्री परिजन डॉ सी एल नेमा ने भूमिपूजन का महत्व बताते हुए कहा कि वैसे तो भूमि के कण कण में शंकर जी की मान्यता सनातन संस्कृति में है, फिर भी जिस जगह यज्ञ होता है वहां की भूमि को पुनः संस्कारित करने धरती माता से पूजन करते हुए प्रार्थना की जाती है कि माता आपकी गोद में तो हम सब है ही, आप इस यज्ञ को भी अपनी पवित्र गोद में दिव्यता एवं भव्यता से संपन्न कराइए।महंत श्री भास्करानंद जी ने गायत्री परिवार के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि गायत्री परिवार के लोग वास्तव में मानवता की ही सेवा करके राष्ट्र जागरण का कार्य कर रहे है। जिला समन्वयक बी पी गर्ग ने भी भूमिपूजन के महत्व पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में हिंडोरिया से श्रीमती राजकुमारी सिंह, तेंदूखेड़ा से डॉ जे पी खरे, दमोह से पंकज हर्ष श्रीवास्तव,अर्जुनलाल पटेल सहित जिले भर से सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन भावसिंह लोधी द्वारा व्यक्त किया गया।

## फरार आरोपी के घर मिली सागौन की 6 सिल्लियां

**तेंदूखेड़ा।** वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पुख्ता इंतजामों के बाद भी न तो वन्यजीव सुरक्षित है और न ही वन लगातार वनों की अवैध कटाई व शिकार की घटनाए सामने आ रही है। शुक्रवार को जहां टाइगर रिजर्व के झापन रेंज के वन अमले ने लकलका बीट से चिंकारा के शिकारियों को पड़का था और उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया था वहीं एक आरोपी जो अभी फरार है उसके घर से वन अमले में सागौन भी जब्त किया है। शुक्रवार को हुई कार्रवाई में झापन रेंज की टीम ने ओर डॉग स्क्वायड गैलीलियो की मदद से जहा शिकारियों को पड़का गया था वहीं फरार आरोपी अरविंद पिता हरलाल यादव के घर से कार्रवाई के दौरान वन विभाग की टीम ने सागौन की 6 सिल्लियां भी आरोपी के घर से बरामद की है जिसकी कीमत करीब 25 हजार से भी अधिक बताई गई है रिजर्व का अमला जब फरार आरोपी अरविंद यादव के उसकी तलाश में पहुंची तो आरोपी के घर बड़ी बड़ी सागौन की सिल्ली दिखाई दी जब टीम ने उसके दस्तावेज मांगे तो जो कि मौके पर नहीं मिले बाद में उनको जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया जहां आरोपी अरविंद यादव पर दो प्रकरण दर्ज किए जिसमें पहला वन प्राणी शिकार अधिनियम का दूसरा अवैध रुप से सागौन की लड़की रखने का अभी भी आरोपी फरार है जिसकी टाइगर रिजर्व की टीम लगातार खोजबीन कर रही है।

### चिंकारा शिकार मामले में फरार आरोपी की तलाश कर रही टाइगर रिजर्व की टीम

### इनका कहना है

इस संबंध में टाइगर रिजर्व के डिप्टी रेंजर मोहम्मद शाकिर खान ने बताया कि अवैध सागौन लकड़ी की कीमत 2500 हजार रुपए है जो कि आरोपी अरविंद पिता हरलाल यादव के घर से जब्त की गई है सागौन की 5 सिल्लियां है आरोपी की तलाश की जा रही है।

## प्रश्नोत्तरी, नृत्य, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिभूमि, दमोह।** एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत शासकीय रानी दुर्गावती कन्या हाई स्कूल दमोह में प्रश्नोत्तरी नृत्य चित्रकला का आयोजन किया गया साथ ही डॉक्टर जयदीप सोनी के द्वारा भगवत गीता का परिचय गीता का सार भागवत गीता की छात्रों के जीवन मे उपयोगिता के विषय में विचार प्रस्तुत किये। प्राचार्य श्रीमती पुष्प लता त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलन किया। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती रश्मि असाटी ने किया। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

## अधीक्षण अभियंता ने औपचारिक निरीक्षण



**सिंग्रामपुर।** दमोह जिले के विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अमित चौहान जी का औपचारिक निरीक्षण तेंदूखेड़ा उप संभाग जबेरा में किया गया। अंतर्गत आने वाले जबेरा वितरण केंद्र की समीक्षा की गई है जिसमे राजस्व संग्रहड़, समाधान योजना **cm** हेल्पलाइन, 1912, नये कनेक्शन, कृषि फीडर मे 10 घंटे, घरेलु फीडर मे 24 घंटे सप्लाई देने, फ़ैल ट्रांसफार्मर समय सीमा मे बदलने हेतु निर्देश जारी किये गए श्री चौहान ने कहा सीएम हेल्पलाइन की शिकायत का निराकरण जल्द से जल्द पूर्ण करें वही विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से दी जाए घरेलू बिजली 24 घंटे एवं कृषि के लिए 10 घंटे सुचारू रूप से बिजली दी जाए वही ट्रांसफर बदलने का काम नियम अनुसार समय पर किया जाए जिससे कोई व्यवधान उत्पन्न ना हो सके सभी दिशा निर्देशों के तहत यह काम सुचारू रूप से होने चाहिए।

# पेंशनर सम्मान समारोह कल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पेंशनर्स समाज की मीटिंग सम्पन्न हुई जिसमें पेंशनर दिवस 17 दिसंबर पर मानस भवन में दोपहर दो बजे आयोजित पेंशनर सम्मान समारोह कार्यक्रम की समीक्षा की गई। कार्यक्रम में पेंशनर्स सम्मान समारोह में इस वर्ष 80 वर्ष एवं 90 वर्ष उम्र पूर्ण करने वाले पेंशनरों के सम्मान ,एवं जिला आयुष कार्यालय ,सीएस कार्यालय, फिजियोथैपिस्ट अखिलेश जैन एवं डॉ नवीन दुबे डेंटिस्ट एवं डॉ मयंक प्यासी नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ ज्योति त्रिपाठी के द्वारा उक्त कार्यक्रम में चिकित्सा शिविर लगाए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही सभी पेंशनर्स साथियों से स्वयं एवं अपने साथ अधिक से अधिक संख्या में समय पर उपस्थित रह कर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया गया। मीटिंग में आर के मिश्रा अध्यक्ष, एम एल सरैया कार्यवाहक अध्यक्ष, सुरेंद्र चौबे उपाध्यक्ष पी एन अहिरवार, भरत दुबे ललित चौबे महामंत्री, एस डी प्रधान, गणेश दुबे, नन्हे भाई पटेल तहसील अध्यक्ष आदि सदस्य गण उपस्थित रहे।

# ईको पर्यटन के साथ प्रयास की बैठक संपन्न




**हरिभूमि, दमोह।** पर्यावरण के क्षेत्र में दमोह जिले की अग्रणी संस्था प्रयास ने किशन तलैया क्षेत्र स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के सरमय हरियाली से अच्छादित क्षेत्र सिद्ध में अपने पर्यावरण मित्रों के साथ ईको पर्यटन का आनंद लिया तथा संस्था की बैठक भी गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न की। बैठक के प्रारंभ में सर्वप्रथम अध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल सचिव प्रमोद कुमार जैन एवं कोषाध्यक्ष संतोष कुमार जैन ने वरिष्ठ साथी रवि शंकर पांडे के साथ श्री राम दरबार में उपस्थित होकर आरती कर प्रसाद वितरण किया। संस्था का प्रगति प्रतिवेदन प्रमोद कुमार जैन ने पड़ा। बैठक में निर्णय लिया गया कि दिसंबर एवं जनवरी माह में जिले के 10 स्कूलों में अहिंसा शाकाहार स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण विषयों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को पृष्कृत किया जाएगा इस बार से जिला स्तरीय पर्यावरण सम्मेलन करने और पर्यावरण स्मारिका हरियाली का प्रकाशन करने पर भी विचार मंथन किया गया। चर्चा में डॉक्टर अनिल चौधरी पदमचंद जैन नेम कुमार सराफ यू सी जैन, प्राचार्य रमेश प्रसाद व्यास, पारस कुमार जैन डॉक्टर आलोक सोनवलकर आदि ने अपने सारगर्भित विचार रखें। उपरोक्त अवसर पर केपी जैन एसके दुबे प्रमेंद् जैन प्रमोद बड़कुल, आर बी सिंह एम एल जैन, रागिनी अग्रवाल, श्रीमती पुष्प लता जैन, श्रीमती सीमा जैन, श्रीमती नेहा जैन, श्रीमती शिमला जैन श्रीमती अंजना जैन श्रीमती किरण जैन नितिन अग्रवाल मुकेश भारद्वाज बहादुर सिंह ठाकुर आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही आभार प्रदर्शन संगठन डॉक्टर एल सी जैन ने किया बैठक के पश्चत समस्त अतिथियों और पर्यावरण मित्रों ने सिद्ध क्षेत्र की मनोरम गोद में सामूहिक भोजन का आनंद लिया इस बीच उपस्थित महिला सदस्यों ने कुर्सी दौड़ और अन्य खेल खेल कर भरपूर मनोरंजन किया।

## किसानों की विशेष जनसुनवाई आज

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दमोह जिले के ऐसे किसानो से कहा है, जिन किसानों के राजस्व प्रकरणों में राजस्व अधिकारियों द्वारा आदेश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन उनका अमल या पालन नहीं हो पा रहा है, वे किसान आज मंगलवार 16 दिसम्बर 2025 को आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं। उन्होंने कहा ऐसे किसानों की विशेष जनसुनवाई की जाएगी, जिससे लंबित मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित हो सके।

## श्रीमदभागवत व श्री विष्णु महापुराण कथा 19 दिसंबर से 25 जनवरी तक



**दमोह।** एकादशी के पावन पर्व पर आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्व पैठीका में उदघोषणा कर साकार रूप प्रदान किया गया। संरक्षक श्री वैष्णव विरक्त संत समाज काशी के तत्वाधान में होने वाले लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की बैठक भी सम्पन्न हुई। इस दौरान बताया गया कि 'यज्ञों वै विष्णु वैदिक सूत्र का सिद्धांत जनमानस मे व्याप्त हो सके इस हेतू यह आयोजन हो रहा है। इस यज्ञ से प्रकृति अपनी ऊर्जा को पवित्र करती है जहां मानव संम्पूर्ण विश्व में अराजकता के साथ संयोजन की धारा से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की अवधारणा पूर्ण करता है। वही कथा लोगों की व्यथा को दूर करती है। इसलिए कथाद्वय के माध्यम से यह सगुणरूप जिसमें नारायण की प्रसन्नता, जनता जनार्दन को शुभ की प्रेरणा से सामाजिक, आर्थिक, और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सके इसके लिये मंगल आयोजन होगा। अयोजन की जानकारी और उपस्थित संतो मे यज्ञ कर्ता श्री महंत श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक महामंडलेखर की अवध बिहारी दासजी, महंत श्री डॉ श्रवण दासजी महाराज ,मंहत अवध किशोर जी, महंत मोहनदासजी महाराज कोतवाल महंत रामदास जी त्यागी एवं प्रधान व्यवस्थापक सुरेश चंद्र शुक्ला, डॉ अंजनी कुमार मिश्रा, राजेश मिश्रा, दिलीप रघुवंशी सहित गणमान्य लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह (म.प्र.)**

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2025/1497 — ***निविदा आमंत्रण सूचना*** — हटा, दिनांक 15/12/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_468460_1 15-12-2025 | नवोदय वार्ड में सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 1- 04 माह 2- 4.07 लाख | 1- 2000.00 2- 4100.00 | 01-01-2026 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद**
**हटा, जिला दमोह**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, हटा, जिला दमोह**

**नाम परिवर्तन सूचना**

शपथकर्ता देवी उर्फ रामअवतार पिता किशन उर्फ किशोरी उम्र 45 वर्ष निवासी आम चौपरा तहसील व जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि मेरे पिता का चालू नाम किशोरी है तथा उनके अन्य दस्तावेजों में उनका नाम किशन है। तथा मेरे पिता का नाम राजस्व रिकार्ड में किशन दर्ज है। यह कि किशोरी ओर किशन मेरे पिता के ही नाम है और वह उक्त दोनो नामो से जाने पहचाने जाते थे। मेरे पिता किशोरी उर्फ किशन का स्वर्गवास दिनांक 29/05/2022 को हो गया था। यह कि मेरा चालू नाम रामअवतार है, और मेरा वास्तविक नाम देवी है, जो मेरे आधार कार्ड क्र 4060 4951 0658 में दर्ज है। जबकि मेरा नाम राजस्व रिकार्ड मे रामअवतार दर्ज है। यह कि रामअवतार ओर देवी मेरे ही नाम है और मै उक्त दोनो नामो से मैं जाना पहचाना जाता हूँ। अत: यह कि मैं अपने उक्त आधार कार्ड में देवी पिता किशन के स्थान पर रामअवतार पिता किशोरी संशोधन करना चाहता हूँ।

शपथकर्ता